an>

Title: Need to enhance recruitment in police services to meet the current law and order situation in the country

श्री महेश गिरी (पूर्वी दिल्ली) : उपाध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी मांग की ओर गृह मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। गृह राज्य मंत्री किरेन रिजीजू यहां उपस्थित हैं। मैं आग्रह करता हूं कि दिल्ली देश की राजधानी है। देश की राजधानी होने के नाते पूरे देश की नजर दिल्ली पर रहती है। सारे विश्व की नजर भी दिल्ली पर रहती है। दिल्ली में जिस तरह आये दिन घटनाएं होती रहती है, तो यह स्वाभाविक है कि उन घटनाओं पर प्रश्न भी उठते रहते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, बीते कई वऐााॅ में जब कांग्रेस की सरकार सत्ता में थी, तब बार-बार यह प्रश्न अखबारों में उठता रहा कि दिल्ली पुलिस बल की संख्या बढ़नी चाहिए। आज दिल्ली में 1 लाख नागरिकों पर पुलिस बल की जितनी संख्या होनी चाहिए, वह नहीं है। कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में कभी इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया। मैं इस बात पर अपनी खुशी जाहिर करता हूं कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार आने के बाद बहुत बड़े-बड़े बदलाव हुए हैं। पुलिस बल की संख्या बढ़ाने की दिशा में भी काम किया गया।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि पुलिस बल की संख्या अभी भी बहुत कम है। खास कर मेरा पूर्वी दिल्ली क्षेत्र बॉर्डरों से लगा हुआ है। वहां आये दिन कई घटनाएं घटती रहती हैं। बहुत कम ज़मीन पर बहुत बड़ी आबाद होने के कारण क्राइम रेट बढ़ता है। इस कारण महिलाओं के उत्पीड़न की समस्याएं भी सामने आती हैं। वहां की जनसंख्या को देखते हुए दिल्ली के मुकाबले में वहां पुलिस बल बहुत कम है। मैंने सन् 2015 में गृह मंत्रालय को पत्र भी लिखा था। इस पत्र के जवाब में मुझे यह जवाब मिला कि इस विऐाय पर एक हाई-लेवल कमेटी बनाई गई है और पुलिस बल की मैनपावर बढ़ाने की दिशा में यह कमेटी सोच-विचार कर काम कर रही है। अभी भी वह मैनपावर नहीं बढ़ सकी है।

मैं अपनी इस मांग को पुनः गृह मंत्रालय के समक्ष रखता हूं कि वे इसको गंभीरता से लें और पूर्वी दिल्ली में जल्द से जल्द पुलिस बल की संख्या बढ़ाएं। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shri Sharad Tripathi and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Maheish Girri.